सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

- महर्षि अरविन्द

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- पिलर खोदाई में मिट्टी धंसी, दो मजदूर दबे, एक की मौत II
- हिंदू समाज में समाप्त हो भेद भावः नरेंद्र ठाकुर III
- जानकीपुरम में साप्ताहिक सब्जी बाजार हटाएं IV

लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026


## शहर में आज

- यूपी प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की ओर से मजदूर दिवस पर कार्यक्रम- 10:00 बजे से।
- सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में संयुक्त संघर्ष संचालन समिति एस-4 का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन- 11:00 बजे से।
- हनुमान सेतु के पास झूलेलाल वाटिका में बुद्ध पूर्णिमा पर 151वीं गोमती महाआरती- 6:00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज से ऑनलाइन गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत छूट

अमृत विचार, लखनऊ : पहली मई से ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने पर भवन स्वामियों को अब 8 प्रतिशत की छूट मिलेगी। कैश जमा करने पर यह छूट 6 प्रतिशत होगी। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम अब गृहकर पर छूट केवल जून तक देगा। जून में ऑनलाइन पर 6 और कैश जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद गृहकर जमा करने पर नगर निगम कोई छूट नहीं देगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने भवन स्वामियों से समय पर अपना गृहकर जमा करके छूट का लाभ लेने की अपील की है।

### गृहकर पर 10 फीसद छूट जून तक बढ़े

अमृत विचार, लखनऊ : इस्माइलगंज प्रथम वार्ड से कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने गृहकर पर 10 प्रतिशत की छूट जून तक बढ़ाने की मांग की है। इसके लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि अत्यधिक गर्मी पड़ने व स्कूलों के नये सत्र प्रारंभ हो जाने आदि कारणों से अनेक गृहकरदाता छूट के साथ गृहकर जमा करने से वंचित रह गए हैं। विगत वर्षों में गृहकर में प्रदान की जाने वाली छूट को आगामी माह तक बढ़ाया गया है।

### नगर निगम का संपूर्ण समाधान दिवस 8 को

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम का संपूर्ण समाधान दिवस 8 मई को होगा। नगर निगम प्रशासन ने यह जानकारी दी है। माह के प्रथम शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस 1 मई, शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवकाश के कारण आयोजित नहीं किया जाएगा। सुबह 10 से 1 बजे तक होने वाले समाधान दिवस में गृहकर, जीआईएस सर्वे, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नगर निगम सेवाओं से संबंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

### सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने गुरुवार को अभियान चलाकर सरोजनी नगर तहसील के ग्राम सरसवां में 3 करोड़ मूल्य की 0.159 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम सरसवां की गाटा संख्या 739, जिसका क्षेत्रफल 0.159 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी बाउंड्री बनाकर तथा प्लॉटिंग का प्रयास किया जा रहा था। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार अरविंद पांडे द्वारा गठित की गई टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

### पांच प्लाटिंग ध्वस्त, पांच भवन सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बीकेटी में 25 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही पांच अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। वहीं, इंदिरा नगर, चिनहट, वजीरगंज व कैसरबाग में कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स व रो-हाउस भवन समेत पांच निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि कन्हैया, धीरेंद्र प्रताप सिंह, इरफान, शमशुद्दीन, संतोष कुमार शुक्ला व अन्य द्वारा लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में पांच प्लाटिंग ध्वस्त की गईं। इसके अलावा इंदिरा नगर के तकरोही व चिनहट के ग्राम गणेशपुर रहमानपुर में अभिषेक गुप्ता, संग्राम यादव व अन्य द्वारा अवैध रूप से निर्मित रो-हाउस भवन सील किए।

# सीआईएससीई परीक्षा में अंकों की बारिश


## 10वीं के टॉपर ने 99.80 और 12वीं के 99.75 प्रतिशत अंक बटोरे, ज्यादातर को मिले 90 फीसद


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने गुरुवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित कर दिए। 10वीं में (आईसीएसई) वैवस्वत नारायण दुबे व शिवम अवस्थी और 12वीं (आईएससी) में ओसीन अग्रवाल, छवि मिश्रा, जैनब फातिमा व संस्कृति चंदेल ने टॉपर सूची में नाम दर्ज करा। वैवस्वत व शिवम को 99.80 प्रतिशत और ओसीन, छवि, जैनब व संस्कृति ने 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ज्यादातर छात्र-छात्राओं ने 99 प्रतिशत तक अंक हासिल किए। सीएमएस और एलपीसी के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा। विद्यालय व घरों में ढोल-नगाड़ा के साथ खुशी मनाई गई। अध्यापकों व परिजनों ने मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी।

10वीं में सीएमएस शाखा-1 गोमती नगर के छात्र वैवस्वत नारायण दुबे और लखनऊ पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम के शिवम अवस्थी ने सबसे अधिक 99.80 फीसद अंक हासिल कर टॉप किया है। इनके साथ सीएमएस अशरफाबाद की छात्रा जहरा फातिमा ने 99.60 फीसद अंक, एलपीसी सहारा स्टेट जानकीपुरम् के शावीर प्रकाश श्रीवास्तव व सेंट फ्रांसिस स्कूल गोमती नगर के आदित्य पाठक ने 99 फीसद, एलपीसी राजाजीपुरम् के वैभवी दीक्षित व इसी विद्यालय के छात्र ईशानी सिंह ने 98 फीसद अंक हासिल किए हैं।

12वीं में भी सीएमएस महानगर की छात्रा ओसीन अग्रवाल, सीएमएस कानपुर रोड की छात्रा छवि मिश्रा, सीएमएस अलीगंज की छात्रा जैनब फातिमा व सीएमएस गोमती नगर शाखा-1 की छात्रा संस्कृति चंदेल ने 99.75 फीसद अंक हासिल किए। इनके अलावा सेंट जोसेफ कॉलेज सीतापुर रोड के छात्र प्रखर सिंह, एलपीसी राजाजीपुरम् की छात्रा इकरा आलम व इसी विद्यालय की समृद्धि द्विवेदी ने 99.25 फीसद अंक पाए। इनके अलावा एलपीसी राजाजीपुरम् की छात्रा जूही चौधरी ने 99 फीसद, एलपीसी सहारा स्टेट जानकीपुरम् की कृतिका बिष्ट ने 98.25 फीसद, सीएमएस गोमती नगर की छात्रा ओमिशा त्रिपाठी ने 98.25 फीसद व सेंट फ्रांसिस स्कूल गोमती नगर के मयंक शुक्ला ने 97.50 फीसद अंक पाए।





माता-पिता के साथ 10वीं में 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली जेहरा फातिमा और 12वीं में 99.75 प्रतिशत अर्जित करने वाली छवि मिश्रा। अमृत विचार

### सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाया कीर्तिमान

- सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। आईएससी परीक्षा में चार छात्रों ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा और छवि मिश्रा ने 99.75 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं आईसीएसई में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। जहरा फातिमा और अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत, जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा और फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीएमएस के कुल 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। इनमें 42 छात्र आईएससी और 20 छात्र आईसीएसई के हैं। 7030 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 3709 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 1441 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 1013 छात्रों ने एक या अधिक विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



परीक्षाफल आने के बाद खुशी मनाते गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस स्कूल के छात्र और छात्राएं। अमृत विचार



परीक्षाफल आने के बाद खुशी के पल अपने मोबाइल फोन में कैद करतीं रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल की छात्राएं।

### रानी लक्ष्मीबाई स्कूल के बच्चे भी छाए

रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल में आईसीएसई की परीक्षा में आरूषी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि दिव्यांश वर्मा और ओम यादव सहित कई छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। आईएससी में प्रथम गुप्ता ने 97.75 प्रतिशत अंक के साथ टॉप किया। वहीं, स्कॉलर्स होम स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में नियति सक्सेना ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में आयुष यादव ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## सफलता की कहानी

### सभी विषयों को बराबर महत्व दिया

- 12वीं की टॉप सूची में शामिल जैनब फातिमा ने कहा कि सभी विषयों को बराबर महत्व देकर पढ़ाई का सख्त शेड्यूल अपनाया। तनाव से दूर रहने के लिए बीच-बीच में ब्रेक लेती थीं और पढ़ने व पेंटिंग जैसे शौक अपनाती थीं। उनका लक्ष्य क्लैट क्लियर कर एलएलएम करना और फिर सिविल सर्विसेज परीक्षा पास करना है। सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पिता डॉ. सैय्यद मो. आरिफ, माता डॉ. शहनाज आलम और भाई शिक्षकों को दिया।

### अपनी गलतियों से सीखा

- 12वीं की ओसीन अग्रवाल ने बताया कि तैयारी के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय किए और उन्हें पूरा करने पर ध्यान दिया। नियमित रूप से रिवीजन किया, जिससे पढ़ा हुआ याद रहे। साथ ही, पिछले वर्षों के प्रश्न हल किए और अपनी गलतियों से सीखकर खुद को बेहतर बनाया। इसी रणनीति ने मुझे आत्मविश्वास दिया। आगे चलकर मेरा लक्ष्य डॉक्टर बनना है, ताकि मैं लोगों की सेवा कर सकूं और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकूं।

### नियमित स्कूल जाना जरूरी

- छवि मिश्रा कहा कि नियमित रूप से स्कूल जाना और कक्षाएं कभी मिस न करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि शिक्षक जो भी पढ़ाएं, उस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। साथ ही, नियमित अभ्यास और निरंतरता सफलता की कुंजी है। छवि का कहना है कि इसी अनुशासन और मेहनत के दम पर वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उसका सपना है कि वह आगे चलकर आईएएस अधिकारी बने और देश की सेवा करे।

### समय का सही प्रबंधन कर हासिल की सफलता : वैवस्वत


- 10वीं में टॉप करने वाले वैवस्वत नारायण दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और अनुशासन को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और समय का सही प्रबंधन करके सफलता प्राप्त की है। शिक्षकों के मार्गदर्शन ने सही दिशा दी। वैवस्वत ने कहा कि उन्होंने हर विषय पर समान ध्यान दिया और लगातार अभ्यास किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है, और अन्य छात्र भी उनसे प्रेरणा ले रहे हैं।

### माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली कामयाबी

- 10वीं में टॉप करने वाले वैवस्वत नारायण दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और अनुशासन को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और समय का सही प्रबंधन करके सफलता प्राप्त की है। शिक्षकों के मार्गदर्शन ने सही दिशा दी। वैवस्वत ने कहा कि उन्होंने हर विषय पर समान ध्यान दिया और लगातार अभ्यास किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है, और अन्य छात्र भी उनसे प्रेरणा ले रहे हैं।

### चार घंटे पढ़ाई की और एक घंटा सोशल मीडिया को भी दिया

- अनय अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। अनय ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखी, जो हर छात्र के लिए जरूरी है। वे रोज करीब 3-4 घंटे पढ़ाई करते हैं और सोशल मीडिया पर लगभग एक घंटा ही समय देते हैं। अनय का लक्ष्य आगे चलकर इंजीनियर बनना है, जिसके लिए वे अभी से जेईई









माता-पिता के साथ खुशी मनातीं एलपीएस राजाजीपुरम की छात्रा इकारा आलम, समृद्धि द्विवेदी और आरूषी को मिठाई खिलाते पिता अवधेश कुमार व मां रानी वर्मा। अमृत विचार

### सुहानी, निष्कर्ष और सूर्यांश ने बढ़ाया एसकेडी का मान

- अमृत विचार, लखनऊ : एसकेडी एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर आईसीएसई एवं आईएससी परीक्षा में 100 फीसद अंक पाकर कीर्तिमान रचा है। आईएससी (12वीं) में सुहानी साख्या ने 98.25 फीसद अंक पाकर ऑल इंडिया 7वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया। निष्कर्ष त्रिपाठी ने 98 फीसद अंकों के साथ ऑल इंडिया 8वां स्थान प्राप्त किया है। आईसीएसई (10वीं) परीक्षा में सूर्यांश अवस्थी ने 99.20 फीसद अंकों के साथ ऑल इंडिया चौथा स्थान प्राप्त किया। दीपांजलि दीक्षित ने 97.4 फीसद अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन मेधावियों को विद्यालय द्वारा जुलाई में एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। निदेशक मनीष सिंह ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन अध्यक्ष एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह, उप-निदेशिक निशा सिंह, सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) कुसुम बत्रा एवं प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

## आईसीएसई (10वीं) के मेधावी



वैवस्वत नारायण 99.80 प्रतिशत | अनय अग्रवाल 99.60 प्रतिशत | जेहरा फातिमा 99.60 प्रतिशत | सूर्यांश अवस्थी 99.20 प्रतिशत



मिष्ठी बिसारिया 99 प्रतिशत | अर्श सिंघल 99 प्रतिशत | अनय अग्रवाल 99 प्रतिशत | आरुषी 98 प्रतिशत



दीपांजलि दीक्षित 97.40 प्रतिशत | आदर्श चद्र 98.60 प्रतिशत | आयशनी सिंह 98 प्रतिशत | अल्यान साहिद 98.40 प्रतिशत



शिवम अवस्थी 99.80 प्रतिशत | अविषा श्रीवास्तव 93 प्रतिशत | वैभवी दीक्षत 98 प्रतिशत | तनिष्का 97.80 प्रतिशत

## आईएससी (12वीं) के मेधावी



छवि मिश्रा 99.75 प्रतिशत | समृद्धि 99.25 प्रतिशत | इकरा आलम 99.25 प्रतिशत | जूही चौधरी 99 प्रतिशत



बतूल जहरा 99.75 प्रतिशत | कृतिका बिष्ट 98.25 प्रतिशत | अनस वर्मा 98.25 प्रतिशत | नमन वर्मा 98 प्रतिशत



प्राची गुप्ता 98 प्रतिशत | मानस शुक्ला 97.75 प्रतिशत | ओशीन अग्रवाल 99.75 प्रतिशत | जैनब फातिमा 99.75 प्रतिशत



निष्कर्ष त्रिपाठी 98 प्रतिशत | पलक द्विवेदी 95.25 प्रतिशत | सुहानी साक्या 98.25 प्रतिशत | आदित्य यादव 97.50 प्रतिशत



विकास गुप्ता 97.75 प्रतिशत | कनिष्क मिश्रा 97.50 प्रतिशत | नियति सक्सेना 99 प्रतिशत | उन्जिला फातिमा 97 प्रतिशत



रिजा सुहैल 94 प्रतिशत | सार्थक मिश्रा 99 प्रतिशत | रुद्रांश सिंह 95 प्रतिशत | हुलशिका पाण्डेय 91.25 प्रतिशत





12वीं में 99 प्रतिशत अंक लाने वाली नियति सक्सेना को मिठाई खिलातीं उनकी मां।

## सिटी ब्रीफ

### महिला टप्पेबाजों ने नर्सिंग छात्रा की उड़ाई चेन

**अमृत विचार , लखनऊ :** टेढ़ी पुलिया से ई-रिक्शे पर बैठकर इंट्रीगल जा रही नर्सिंग छात्रा की चेन महिला टप्पेबाजों ने पार कर दी। इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

मूल रूप से अयोध्या के तारुन ककोली निवासी सौम्या सिंह गुडंबा स्थित निजी संस्थान से नर्सिंग में डिप्लोमा कर रही है। वह वहीं हॉस्टल में रहती है। 29 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे ई-रिक्शा पर बैठकर टेढ़ी पुलिया से इंट्रीगल जा रही थी। सौम्या ने बताया कि टेढ़ी पुलिया से कुछ दूरी पर तीन औरतें एक बच्चे को लेकर ई-रिक्शे पर बैठ गयी। सामने बैठी महिला ने उनके पैर पर पैर रख दिया। सौम्या ने पैर हटाया लेकिन बार-बार तीनों औरतें कुछ न कुछ करते हुए बैग पर हाथ लगाने लगी। इसी दौरान महिला टप्पेबाजों के गिरोह ने 10 ग्राम की चेन पार कर दी। पीड़िता ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### युवती ने दूरी बनाई तो दी धमकी, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना इलाके में युवती द्वारा दोस्ती खत्म करने पर युवक ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-ओ, मानसरोवर योजना स्थित एक अपार्टमेंट निवासी व्यक्ति के अनुसार जौनपुर निवासी शुभम जायसवाल ने उनकी बेटी से दोस्ती कर ली थी। करीब एक वर्ष तक दोनों के बीच बातचीत होती रही। परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने बेटी को समझाया, जिसके बाद उसने युवक से दूरी बना ली। आरोप है कि इसके बाद शुभम ने लगातार दो दिनों तक फोन कॉल और व्हाट्सएप मैसेज के जरिए युवती और उसके परिवार को धमकियां दीं। इस दौरान जान से मारने की चेतावनी भी दी गई। परेशान परिवार ने महिला हेल्पलाइन पर शिकायत करने के साथ आशियाना थाने में तहरीर दी। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस कॉल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर में शादी रचा कराया गर्भपात

**अमृत विचार , आलमबाग :** दवा कंपनी में कार्यरत महिला मेडिकल रिप्रजेंटेटिव को सहकर्मी ने प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने 24 नवंबर को सीएम पोर्टल पर शिकायत की, जिसके बाद आरोपी ने समझौता कर 20 दिसंबर को अलीगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। आरोप है कि इसके बाद उसने धोखे से दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। बंगला बाजार निवासी 37 वर्षीय पीड़िता के अनुसार आरोपी आयुष मिश्रा उसी कंपनी में कार्यरत था। उसने बहाने से कमरे में बुलाकर दुष्कर्म किया और बाद में शादी का आश्वासन देकर संबंध बनाए रखे। शादी के बाद ससुराल में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब से नहलाने की धमकी दी और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आयुक्त के आदेश पर आशियाना थाने में आयुष समेत छह लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात, मारपीट, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।



इसी पिलर की खोदाई के दौरान हुआ हादसा (लाल घेरे में) घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार



घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों से हादसे की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# पिलर खोदाई में मिट्टी धंसी, दो मजदूर दबे, एक की मौत

## विभूतिखंड के लोहिया अस्पताल के पास गुरुवार सुबह हुई घटना, बिना सुरक्षा मानक के चल रहा निजी अस्पताल का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस, अग्निशमन व एसडीआरएफ की टीम ने दोनों मजदूरों को बाहर निकाला

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास निजी अस्पताल के निर्माण का काम चल रहा है। गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे पिलर की खोदाई का काम चल रहा था। अचानक सड़क किनारे बना मिट्टी का टीला भरभराकर गिर गया। मिट्टी में दो मजदूर दब गए। साथी मजदूरों ने पहले निकालने का प्रयास किया। असफल होने पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम ने मिट्टी हटाकर दोनों मजदूरों को बाहर निकाला। लोहिया अस्पताल भेजा, जहां एक मजदूर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। देर शाम तक किसी भी मजदूर के परिजन ने तहरीर नहीं दी थी।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया कि भूखंड डॉ. यादवेंद्र नाथ चौबे व उनकी पत्नी पल्लवी के नाम आवंटित है। इस भूखंड पर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. यादवेंद्र नाथ चौबे निजी अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। निर्माण कार्य ठेकेदार को दे रखा है। गुरुवार को चार मजदूर पिलर की नींव की खोदाई के काम में लगे थे। सुबह करीब 9.30 बजे सड़क किनारे खोदाई कर डाली गई मिट्टी का टीला भरभराकर गिर गया। जिसके नीचे बाराबंकी रामनगर स्थित अमौली कीरतपुर का लक्ष्मी शंकर अवस्थी (36) व सफदरगंज के भीकम पट्टी का तुलसीराम दब गए। साथी मजदूरों ने तुरंत मिट्टी हटाने का प्रयास किया। असफल होने पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के इलाके को खाली कराया। वहीं, अग्निशमन विभाग व एसडीआरएफ ने पुलिस की मदद से राहत कार्य शुरू किया। करीब आधा घंटा दोनों को बाहर निकालने में लग गया। आनन-फानन दोनों को लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने लक्ष्मी शंकर को मृत घोषित कर दिया। वहीं तुलसीराम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### पूर्ण नहीं थे सुरक्षा के मानक

- घटना स्थल पर ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था। बिना सुरक्षा उपकरणों के ही नींव की खोदाई कराई जा रही थी। खोदाई वाली जगह के चारों ओर कम से कम एक से डेढ़ मीटर ऊंची फेंसिंग या बैरिकेडिंग होनी चाहिए। रात में सुरक्षा के लिए रेड लाइट या रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग जरूरी है। खोदी गई मिट्टी, मशीनरी या अन्य सामग्री को खाई के किनारे से कम से कम दो फीट (0.61 मीटर) दूर रखना चाहिए। डेढ़ मीटर से अधिक गहरी खाई में उतरने के लिए सीढ़ियां या रैंप की व्यवस्था भी होनी चाहिए।



मिट्टी में दबे मजदूर को बाहर निकालते रेस्क्यू टीम के सदस्य।

### एलडीए ने पास किया है मानचित्र

- अस्पताल निर्माण के लिए डॉ. यादवेंद्र नाथ चौबे ने एलडीए में मानचित्र दाखिल किया था। अपर सचिव एलडीए सीपी त्रिपाठी के मुताबिक संबंधित भूखंड का मानचित्र प्राधिकरण की ओर से पास किया गया है। खोदाई की खनन विभाग से अनुमति भी मिली है। वहां अस्पताल का निर्माण कार्य चल रहा था। उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, जबकि आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

### लक्ष्मी मिट्टी में दब गया, तुलसी की गर्दन थी बाहर

- साथ में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि अचानक हादसा हुआ। उस वक्त दो अन्य मजदूर पीछे हट गए, जिससे उनकी जान बच गई। पर लक्ष्मी शंकर पूरी तरह मिट्टी के अंदर दब गए, जबकि तुलसीराम के गले तक मिट्टी आ गई थी। गर्दन बाहर होने के कारण उसे सांस लेने में दिक्कत नहीं हुई। साथी मजदूरों ने फावड़ा व हाथ से मिट्टी हटाने का काम शुरू किया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक लक्ष्मी अंदर दबा रहा, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गईं। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक दोनों मजदूरों के परिवार के किसी भी सदस्य ने देर शाम तक तहरीर नहीं दी थी। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। वहीं, पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

### परिवार को मिलेगी आर्थिक सहायता

- घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ-साथ जिला प्रशासन की ओर से एसीएम सचिन वर्मा मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही लेखपाल से घटना की रिपोर्ट तलब की गई है।

### युवक का शव मिला, पहचान नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** मड़ियांव के भिठौली तिराहे के पास गुरुवार को लगभग 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव की सूचना डॉयल-112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। मृतक ने शरीर पर नीली जींस और शर्ट पहन रखी थी। शरीर पर जाहिरा चोट के निशान नहीं थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि तलाशी में जेब से भी कुछ ऐसा नहीं मिला जिससे पहचान हो सके।

### डीजीपी आवास पर तैनात सिपाही को बेकाबू कार ने मारी टक्कर, घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीजीपी आवास के गेट पर ड्यूटी पर तैनात यातायात सिपाही को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। साथी पुलिसकर्मियों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल ने हजरतगंज कोतवाली में कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। यातायात पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अमित सिंह की ड्यूटी 27 अप्रैल को डीजीपी आवास के गेट नंबर-2 पर लगी थी। अमित ने बताया कि सड़क पार करने के बाद बेकाबू कार (यूपी 32 जेएस 4800) ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सिपाही उछलकर दूर जा गिरा। घटना देख राहगीर व अन्य पुलिसकर्मी दौड़े तो आरोपी चालक कार लेकर फरार हो गया। घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिपाही की तहरीर पर हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक आर्यन नैन ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश में दबिशें दी जा रही है। सिपाही अमित को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है।

## दोस्तों संग निकला युवक, सड़क हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पताल से भागे दोस्त परिजन ने अनहोनी की जताई आशंका
- ठाकुरगंज के बालागंज इलाके की घटना



**अमृत विचार :** ठाकुरगंज के बालागंज इलाके में बुधवार देर रात दोस्तों संग घूमने गए युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। देर रात घर न पहुंचने पर मां ने फोन किया तो दोस्तों ने हादसे की जानकारी दी। परिजन अस्पताल पहुंचे तो दोस्त वहां से गायब मिले। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे सड़क हादसा मान रही है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान के मुताबिक सआदतगंज के मोज्जमनगर निवासी अभिनव चौधरी (19) बुधवार रात खाना खाने के बाद दोस्तों के साथ घूमने की बात कहकर घर से निकला था। रात करीब 12 बजे तक घर न लौटने पर मां सरोज ने उसके मोबाइल पर कॉल की। फोन उसके दोस्त ने उठाया और बताया कि अभिनव का एक्सीडेंट हो गया है तथा उसे गंभीर हालत में ऐरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक अभिनव की मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद साथ मौजूद दोस्त उसे अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पिता मनोज ने घटना को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे हादसे की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। परिजनों के अनुसार अभिनव ने हाल ही में इंटरमीडिएट अच्छे अंकों से पास किया था और आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रहा था।

### नर्सिंग छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर बी-ब्लॉक में मानसिक तनाव से परेशान बीएससी नर्सिंग के छात्र रवि प्रकाश (23) ने बुधवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी से पहले उसने पिता को वीडियो कॉल कर बताया कि मकान मालिक ने कमरा खाली करने को कहा है और वह नया कमरा तलाश रहा है। मूल रूप से बस्ती के बाईपोखर निवासी रवि यहां भाई अमित के साथ किराए पर रहता था। रात करीब 10 बजे अमित ड्यूटी से लौटे तो दरवाजा खुला मिला और अंदर रवि फंदे से लटका था। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और उसे नीचे उतारकर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता का आरोप है कि कानपुर की एक युवती के कारण वह तनाव में था। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

## दोस्त थे रेडियोलाजिस्ट, दोनों को मौत ले गई साथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिर पकड़ कर बैठ गए रवि के पिता, आंखों से बही आंसुओं की धार
- बालकृष्ण के पिता ने कहा, हादसे के साथ सब कुछ खत्म हो गया



रवि



बालकृष्ण

**अमृत विचार:** कैंट स्थित दिलकुशा गार्डेन के पास विशालकाय पेड़ गिरने से मृत रेडियोलाजिस्ट रवि और बालकृष्ण में गहरी दोस्ती थी। रवि पिता शिव नारायण पांडेय अधिवक्ता हैं। परिवार में मां इंद्रावती के अलावा एक आनंद है। बालकृष्ण के परिवार में पिता सुरेश चंद्र, मां शीला देवी, भाई विवेक और विमल हैं।

हादसे की सूचना मिलने पर परिजन लखनऊ पहुंचे। जवान बेटे का शव देखकर शिव नारायण सिर पकड़कर बैठ गए। उनकी आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी। रुंधे गले से कहा कि बेटा ही घर का सहारा था। सुरेश चंद्र ने रोते हुए बताया कि बालकृष्ण 10 दिन पहले बेटा ही घर से लखनऊ आया था। वह नौकरी को लेकर भविष्य की योजनाएं बना रहा था, लेकिन हादसे ने सब खत्म कर दिया।

**पेड़ गिरने से यातायात हुआ ठप:** हादसे के बाद दिलकुशा मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिरने से यातायात पूरी तरह बंद हो गया। कैंट कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक सूर्यबली यादव ने बताया कि घटना के वक्त वह कुछ पुलिसकर्मियों के साथ वे पास में ही ड्यूटी में लगे थे। पेड़ गिरने की जानकारी पर सभी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से दोनों को किसी तरह बाहर निकाला और सिविल पहुंचाया। इस दौरान छावनी परिषद व वन विभाग की टीम पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत कर जेसीबी और कटर की मदद पेड़ की कटाई के बाद रास्ता साफ कराया जा सका। तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।



घटनास्थल पर हादसे के बाद बाधित रहा आवागमन। अमृत विचार

**जालसाजी**

गाजीपुर, नाका, जानकीपुरम व सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

## बुजुर्ग समेत पांच के खाते से साइबर ठग ने उड़ाए 11.87 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पार्ट टाइम जॉब, क्रेडिट कार्ड कर्मी और एपीके फाइल भेजकर फंसाया



**अमृत विचार :** राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। अलग-अलग तरीकों से बुजुर्ग और महिला समेत पांच लोगों के खातों से 11.87 लाख रुपये उड़ा लिए गए। कहीं पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया गया तो कहीं क्रेडिट कार्ड कर्मी बनकर कॉल किया गया, वहीं एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर ठगी की गई। ये मामले गाजीपुर, नाका, जानकीपुरम और सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्रों के हैं। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

इंदिरानगर के शक्तिनगर पीरबाग कॉलोनी निवासी मो. सैफ अहमद ने बताया कि 21 अप्रैल की शाम उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए क्रेडिट कार्ड बनवाने की बात कही। मना करने के बावजूद जालसाज ने उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 13 बार में 3,31,882 रुपये निकाल लिए। उन्होंने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नाका के मोतीनगर निवासी महेंद्र प्रताप सिंह राठौर के अनुसार उनकी बेटी माही नौकरी की तलाश में थी। 16 अप्रैल को उसके मोबाइल पर वर्क फ्रॉम होम का लिंक आया, जिस पर क्लिक करते ही नंबर टेलीग्राम से जुड़ गया और तीन दिन में 1.95 लाख रुपये निकाल लिए गए। इसी क्षेत्र के 67 वर्षीय रामसजीवन गुप्ता के केनरा बैंक खाते से 94,999 रुपये पार कर दिए गए।

जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-6 निवासी रश्मि यादव ने बताया कि व्हाट्सएप कॉल के जरिए एपीके फाइल भेजकर उनका मोबाइल हैक किया गया और खाते से 67 हजार रुपये निकाल लिए गए। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी सेक्टर-7 निवासी श्रुति भोला से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर टॉस्क देकर बाद में पैड टॉस्क के बहाने 4.98 लाख रुपये ऐंठ लिए गए।

### फार्मासिस्ट को 11 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा, ठगे 7.20 लाख

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मुंबई से थाईलैंड भेजे गए पार्सल में ड्रग्स व पासपोर्ट बताकर साइबर ठगों ने एक फार्मासिस्ट को झांसे में ले लिया। खुद को आरबीआई, सीबीआई और मुंबई क्राइम ब्रांच का डीसीपी बताकर जालसाजों ने उन्हें 11 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा। इस दौरान 24 घंटे सर्विलांस पर होने की बात कहकर डराया और किसी को जानकारी देने पर जेल भेजने की धमकी दी। घर से बाहर निकलने तक पर रोक लगाई गई। इसके बाद अलग-अलग खातों में 7.20 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। उधार लेकर और पैसे भेजने का दबाव बनने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इंदिरानगर के फरीदीनगर चांदन निवासी 49 वर्षीय शैलेंद्र धर द्विवेदी ने बताया कि 9 अप्रैल को उन्हें एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई के अंधेरी ईस्ट स्थित ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी का ब्रांच मैनेजर राहुल कुमार बताया। उसने कहा कि उनके नाम से 1 अप्रैल को मुंबई से बैंकॉक (थाईलैंड) पार्सल भेजा गया, जिसमें पांच पासपोर्ट, तीन एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, चार किलो कपड़ा और 200 ग्राम ड्रग्स मिला है। शिकायत के अनुसार जालसाजों ने 9 से 17 अप्रैल तक सिग्नल एप और बाद में व्हाट्सएप के जरिए संपर्क बनाए रखा। उन्हें घर से बाहर न निकलने और किसी से बात न करने की हिदायत दी गई। खाते की जांच के नाम पर 7,20,500 रुपये ट्रांसफर कराए गए और बाद में 48,122 रुपये और मांगे गए। शक होने पर पीड़ित ने कॉल काटकर परिचित से संपर्क किया, तब ठगी का पता चला। 27 अप्रैल को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत और 29 अप्रैल को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि जांच जारी है।

## रिश्तेदारों ने महिला की हड़पी 2.60 करोड़ रुपये की नकदी और जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आशियाना के सेक्टर-एच एलडीए कालोनी की घटना, देवर व भतीजे पर एफआईआर
- मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो गई अन्नू

**अमृत विचार :** आशियाना के एलडीए कालोनी सेक्टर-एच निवासी अन्नू उपाध्याय के रिश्तेदारों ने विश्वास में लेकर उनकी करोड़ों की संपत्ति हड़प ली। आरोप है कि बैंक खातों में जमा रकम और घर में रखे जेवर समेत करीब 2.60 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें धमकाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने देवर दिव्येंदु उपाध्याय और उसके बेटे देवयाशीष उपाध्याय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अन्नू उपाध्याय के अनुसार वर्ष 2011 में पति की मृत्यु के बाद वह मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो गई थीं। इसी का फायदा उठाते हुए देवर और उसका बेटा, जो उसी समय से उनके साथ रह रहे थे, ने धीरे-धीरे उनके बैंक खातों, एफडी, एसआईपी, पेंशन खाते और घर में रखे स्वर्ण आभूषणों पर कब्जा जमा लिया। वर्ष 2024 में भोपाल जाने के दौरान उन्होंने घर और वित्तीय जिम्मेदारियां आरोपियों को सौंप दीं, जिसका दुरुपयोग किया गया।

### 52 फर्जी चेक के माध्यम से करोड़ों की हेराफेरी

- पीड़िता के मुताबिक उनके एक्सिस बैंक और पीएनबी में कई खाते हैं, जिनमें संदिग्ध लेनदेन सामने आए। 15 और 17 मार्च 2026 को बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि 52 फर्जी चेक के जरिए करीब एक करोड़ रुपये निकाले गए। इसके अलावा एफडी प्रीमैच्योर क्लोजर, मोबाइल नंबर बदलने और म्यूचुअल फंड लेनदेन में भी गड़बड़ी की गई। जांच में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की बैंकिंग अनियमितताएं और लगभग 1.60 करोड़ रुपये की अतिरिक्त हेराफेरी सामने आई है। अन्नू के अनुसार चेक, हस्ताक्षर, बैंक रिकॉर्ड, ऑनलाइन लॉग, सीसीटीवी फुटेज और केवाईसी दस्तावेजों की जांच से पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# लेबर अड्डों पर हर हाथ को नहीं मिलता काम

## शहर के लेबर अड्डों पर प्रतिदिन पहुंचते 10 से 12 हजार मजदूर, ज्यादातर को लौटना पड़ता खाली

**मजदूर दिवस पर विशेष**

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के मड़ियाव, डालीगंज, आशियाना, तेलीबाग, सरोजनीनगर, गोमतीनगर, चौक, अमीनाबाद, बालागंज, ठाकुरगंज, फैजुल्लागंज और निशातगंज समेत कई जगह लेबर अड्डे हैं। इनमें 10 से 12 हजार मजदूर प्रतिदिन काम की तलाश में पहुंचते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मजदूरों को प्रतिदिन काम नहीं मिल पाता है। हालत ये होती है कि काम न मिलने पर उनके पास घर लौटने का किराया तक नहीं होता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ज्यादातर मजदूर अगले दिन काम की उम्मीद में वहीं फुटपाथ पर रात गुजारते हैं। फुटपाथ पर मजदूरों के सोने से हादसे की आशंका भी बनी रहती है।

शहर में लेबर अड्डों पर शेड, शौचालय, पेयजल समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पिछले वर्ष शुरू की गई थी, लेकिन भूमि की उपलब्धता न होने से उसे अमली जामा नहीं पहनाया जा सका। हालत ये है कि लेबर अड्डों पर न तो बैठने की व्यवस्था है, न पीने के पानी की सुविधा और न ही गर्मी या बारिश से बचाव का कोई इंतजाम। श्रमिकों के लिए बुनियादी ढांचे की यह कमी सरकारी दावों पर सवाल खड़े करती है। ज्यादातर श्रमिकों को तो ई-श्रम कार्ड, पेंशन समेत सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी तक नहीं है। सहायक श्रम आयुक्त शिप्रा चतुर्वेदी का कहना है कि श्रमिकों के लिए श्रम विभाग कई योजनाएं चला रहा है जिसका लाभ इन श्रमिकों को मिल रहा है। कई श्रमिक जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं लेकिन स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन से जमीन की मांग की गई है और जल्द ही श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा किया गया है।


नक्खास चौराहे लेबर अड्डे पर काम के इंतजार में राजमिस्त्री और श्रमिक। अमृत विचार


काम न मिलने पर निराश श्रमिक।

### हाथ तोड़ मेहनत फिर भी काम के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता

- संरकाबगंज पुल...लेबर अड्डा, सुबह समय एक दोपहिया वाहन रुकते ही मजदूर उसे घेर लेते हैं। क्या काम है बाबूजी... पोताई करानी है या फिर मरम्मत...प्लास्टर वाले मिस्त्री भी हैं। मोलतोल के बाद दिहाड़ी तय हो जाती है। एक मजदूर काम के लिए चल देता है।
- रानीगंज लेबर अड्डा...सड़क पर एक नुक्कड़ कुछ महिला पुरुष मजदूर जमा थे। कुछ देर इंतजार के बाद कुछ लोग आते हैं, बातचीत और दिहाड़ी को लेकर तय तोड़ होता है। उनमें से कुछेक को अपनी जरूरत के मुताबिक समझकर काम देने वाले अपने साथ लेकर चल देते हैं।

### श्रमिकों के लिए लगाए जा रहे शिविर



- 2 मई को ऐशबाग चौराहा
- 4 मई को तेलीबाग नहरिया
- 5 मई को सरोजनीनगर,
- 6 मई को सर्वोदय नगर और इंदिरा नगर
- 7 मई को आंबेडकर चौराहा और मायावती कॉलोनी
- 8 मई को चिनहट तिराहा
- 11 से 20 मई को मोहनलालगंज, आशियाना, अटल चौराहा, संगम चौराहा, बुद्धेश्वर, दुबग्गा, बनी-बंथरा, अमीनाबाद और हजरतगंज।


गोमतीनगर के लेबर अड्डे पर काम न मिलने पर हताश महिला श्रमिक।

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

- कन्या सहायता योजना : श्रमिकों की दो पुत्रियों के विवाह में आर्थिक मदद
- मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना : श्रमिकों की दो संतानों तक समुचित व पौष्टिक आहार के लिए सहायता
- संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना :श्रमिकों की दो संतानों को कक्षा एक से उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति।
- गंभीर बीमारी सहायता योजना :सरकारी व अन्य अस्पतालों में आयुष्मान योजना के समतुल्य राशि से प्रतिपूर्ति।
- निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना : निर्माण श्रमिक की मृत्य की दशा में आश्रितों का आर्थिक मदद
- अटल आवासी योजना : श्रमिकों के दो बच्चों को 6 से 12वीं तक निशुल्क व गुणवत्ता युक्त शिक

**मजदूर ही मजबूर**


तपती दोपहर हो या ठिठुराती सर्दी मजदूर को कभी आराम नहीं, उसे तो रोज कमाना है, नहीं तो घर का चूल्हा कैसे जलेगा। अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### रेल कर्मचारी के परिजनों को बीमा भुगतान

**अमृत विचार,लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता की मौजूदगी में बुधवार को दिवंगत रेल कर्मचारी रिशु गुप्ता के परिजनों को समस्त देयों का निस्तारण किया। ट्रैकमेन्टेनर चतुर्थ पद पर कार्यरत रिशु गुप्ता का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उनकी माता को ग्रेच्युटी, समूह बीमा, अवकाश नगदीकरण और पारिवारिक पेंशन प्रदान की गई। साथ ही रेलवे सैलरी पैकेज (गोल्ड इंश्योरेंस) योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। रेलवे ने हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

### नरसिंह चतुर्दशी महोत्सव मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** इस्कॉन के लखनऊ स्थित श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर में गुरुवार को नरसिंह चतुर्दशी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर अध्यक्ष अपरिमेय श्याम प्रभु ने भगवान नरसिंह शिला का अभिषेक और पुष्पांजलि अर्पित की। भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन, नरसिंह कवच पाठ और आरती में भाग लिया। कथा में बताया गया कि नरसिंह भगवान ने प्रह्लाद की रक्षा हेतु अवतार लिया। उन्होंने भक्ति के महत्व पर जोर देते हुए गीता स्वाध्याय का संदेश दिया। अंत में भक्तों ने एकादशी प्रसाद ग्रहण किया और पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

### चार रेलकर्मियों को मिला सुरक्षा पुरस्कार

**अमृत विचार,लखनऊ:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने में उत्कृष्ट सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा दिखाने वाले चार कर्मचारियों को गुरुवार को सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने इन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि सम्मानित कर्मचारियों में धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (प्वाइंट्समैन पखरौली), आशुतोष कुमार (प्वाइंट्समैन फूलपुर), मोहम्मद फखरे आलम (प्वाइंट्समैन जफराबाद जंक्शन) और ननकुन (ट्रैकमैन-थर्ड, गैंग संख्या-40/अयोध्या कैंट जंक्शन) शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सजगता और जिम्मेदारी का परिचय दिया, जिससे रेल संचालन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

### तीन आवासीय योजनाओं में बनेंगे उपकेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर योजना की तरह नैमिष नगर, वरुण विहार और आईटी सिटी में उपकेंद्र बनेंगे। निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करके टेंडर आदि प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली है। इन केंद्रों से आवासीय योजनाओं के अलावा आसपास ग्रामीण इलाकों को भी आपूर्ति की जाएगी। एलडीए की तीनों नई आवासीय योजनाएं सबसे बड़ी हैं और विकसित की जा रही हैं। जहां लाखों लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। बिजली आपूर्ति के लिए योजनाओं में उपकेंद्र बनेंगे। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद एलडीए ने लगभग प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। एलडीए के प्रस्ताव पर उप्र पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की मंडलीय भूमि चयन समिति ने पिछले माह आईटी सिटी का निरीक्षण करके सहमति जताई थी। जल्द तीनों योजनाओं में उपकेंद्र निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरित की जाएगी।

## 14 जून तक आधार अपडेट कराना जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 10 साल पुराने आधार कार्ड धारकों को 14 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराने की अपील की है। विभाग के अनुसार यदि समय पर आधार का बायोमीट्रिक अपडेट नहीं कराया गया तो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है।

अधिकारियों ने बताया कि आधार में दर्ज बायोमीट्रिक विवरण जैसे आइरिस स्कैन, फोटो और थंब इंप्रेशन का समय-समय पर अपडेट होना जरूरी है। इससे पहचान सत्यापन प्रक्रिया अधिक सटीक और सरल हो जाती है। कई बार अपडेट न होने पर लाभार्थियों की पहचान में तकनीकी अड़चनें भी आती हैं। यूआईडीएआई ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों का आधार 10 वर्ष या उससे अधिक पुराना हो चुका है, उन्हें इसे अपडेट कराना आवश्यक है। कुछ मामलों में यह सुविधा मुफ्त भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस संबंध में लाभार्थियों को लगातार एसएमएस के माध्यम से जानकारी भी भेजी जा रही है। प्रदेश में करोड़ों आधार कार्ड अब तक अपडेट नहीं हुए हैं। इसके अलावा पांच और 15 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेट कराना भी अनिवार्य है। राज्य में करीब दो करोड़ बच्चों के आधार अपडेट लंबित हैं। इसके लिए स्कूलों में विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

## नए बैच से अनुभव साझा करें नर्सिंग अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन**

**अमृत विचार:** जिस तरह किसी पेड़ को उगाने के लिए बीज डालते हैं। उसे दुरुस्त रखने के लिए फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करते हैं, ठीक उसी तरह नर्सिंग अधिकारियों को नए नर्सिंग बैच साथ अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहिए जिससे नए लोग तेजी से अनुभव का लाभ उठाते हुए आगे बढे। इससे वे अपने विभाग के मरीजों की बेहतर देखभाल कर पाएंगी। ये बातें राम मनोहर लोहिया संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह ने कहीं। वह गुरुवार को लोहिया संस्थान में राष्ट्रीय नर्सिंग सम्मेलन में अपनी बात रख रहे थे।

इसमें देश के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि मरीजों की सेवा में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका सबसे अहम होती है। ऐसे में अनुभव साझा करने से जूनियर को बेहतर स्टाफ बनने में मदद मिलती है। भारत सरकार की नर्सिंग सलाहकार डॉ. दीपिका सी. खाका ने कहा, इस आधुनिक दौर में नर्सों की जिम्मेदारी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण इलाज में नर्सिंग स्टाफ की बड़ी भूमिका है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय सम्मेलन से संस्थान को नई पहचान मिलती है और बाहर से आए विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिलता है।

## तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** साहित्यिक संस्था अमृतायन के तत्वावधान में आज यूपी. प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. शिव भजन कमलेश और पं. आदित्य द्विवेदी ने नवगीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी की कृति लौट आओ फिर परिन्दों (गीत - नवगीत संग्रह), वरिष्ठ साहित्यकार रामशंकर वर्मा की कृति कटे अँधेरी रात (दोहा संग्रह) तथा गीतकार पुष्पेन्द्र ''प्रेमी'' की कृति तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह) का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ने कटे अंधेरी रात दोहा कृति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज साहित्य के समक्ष नयी चुनौतियां हैं, जिन्हें स्वीकार करना होगा। पुष्पेन्द्र प्रेमी के गीत संग्रह तुम भी पत्थर हो जाओगे को आधार बनाते हुए श्रेष्ठ साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने कहा कि हिन्दी की गीत विधा अपने पूर्ण उत्कर्ष पर है, जिसे इस कृति में देखा जा सकता है।

कवि डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत नवगीत संग्रह लौट आओ फिर परिन्दों पर बोलते हुए शिव भजन कमलेश ने कहा कि ''अज्ञानी'' जी के नवगीत राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. राम सागर यादव ने अमृतायन संस्था के सकारात्मक कार्यों को रेखांकित किया।

रामबहादुर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वर्तमान साहित्यिक परिदृश्य की सराहना की। साहित्यिक समारोह के अगले क्रम में लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने अपनी खनकती हुई आवाज में तीनो कृतियों की चयनित तीन रचनाओं को सस्वर सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केवल प्रसाद सत्यम, कुमार तरल, डॉ. अरविन्द झा, दिनेश तिवारी अचलेश सिंह, संदीप यादव सहित अन्य साहित्यकार और साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित रहे।

**सिटी डायरी**


एलडीए कालोनी स्थित गरुद्वारा में पाठ करते श्रद्धालु।

### श्रद्धापूर्वक मनाया गुरु अमर दास जी महाराज का प्रकाश पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री गुरु अमर दास जी महाराज का प्रकाश पर्व गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया कि दीवान का आरंभ सुखमनी साहिब जी के पाठ ''अमृत वेले से नितनेम'' के साथ हुई। हजूरी रागी भाई हरविंदर सिंह ने आशा दीवार के कीर्तन किए। हैड ग्रंथि ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगतों को गुरु अमर दास जी महाराज के इतिहास के बारे में बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा एवं महासचिव चरणजीत सिंह, सचिव गगनदीप सिंह बग्गा एवं कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह (पम्मी),परमजीत चन्दर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर बग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने प्रकाश पर्व पर गुरु महाराज को नमन किया।



कार्यक्रम के दौरान व्यापारी नेता व अन्य।

### भंडारों को प्रदूषण मुक्त बनाने की अपील


अमृत विचार,लखनऊ : लखनऊ में ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को स्वच्छ, पर्यावरण अनुकूल और हरित बनाने के लिए विभिन्न संगठनों ने बुधवार को संयुक्त अपील की है। स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, लघु उद्योग भारती, लोक भारती, संस्कार भारती और मंगलमान अभियान ने 2 मई से शुरू हो रहे बड़े मंगल पर भंडारों को प्रदूषण मुक्त रखने की अपील की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि लखनऊ की यह परंपरा देश विदेश में चर्चित है और इस बार आठ बड़े मंगल आयोजित होंगे। उन्होंने भंडारा आयोजकों से पंजीकरण कराने, स्वच्छता बनाए रखने और प्रशासन को सूचना देने की अपील की।



संवाद कार्यक्रम में मजदूर हितों पर विचार व्यक्त करते लोग।

### मजदूर के हितों की आवाज उठाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर यूपी प्रेस क्लब में आयोजित जयहिंद संवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने मजदूर हितों के मौजूदा हालात पर अपने विचार व्यक्त किये। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद तकी ने बताया कि आधुनिक विश्व के निर्माण में हर स्तर पर मजदूरों का अहम योगदान है। पूंजीपतियों के चंगुल में फंसी राजनीति ने मजदूर हितों को लगातार नजरअंदाज किया है, जिसके परिणाम श्रमिक असंतोष के रूप में सामने आने लगे हैं। राष्ट्रवादी जनसमाज पार्टी के मोहम्मद इकराम अंसारी, आजाद चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएस सलूजा ने भी विचार रखे।


सेवानिवृत्त कर्मचारियों केसाथ अधिकारी व अन्य।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**अमृत विचार,लखनऊ:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में बुधवार को 33 रेल कर्मचारियों ने अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए। इस अवसर पर मंडल कार्यालय के सभागार में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई दी गई। समारोह के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह चौहान ने कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उनके योगदान की सराहना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आयोजन**

**नारद जयंती के उपलक्ष्य में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन**

## हिंदू समाज में समाप्त हो भेद भाव : नरेंद्र ठाकुर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हिंदू समाज में जाति, भाषा, प्रांत आदि के आधार पर भेदभाव समाप्त होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा है। इसके लिए 32 से अधिक संगठन समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। ये बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर ने गुरुवार को नारद जयंती के उपलक्ष्य में एक होटल में आयोजित मीडिया संवाद में कही।

सह प्रचार प्रमुख ने कहा कि आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा सामान्य नहीं है। हमारे कार्यकर्ताओं ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ विश्व में भारत माता की जय-जयकार के लिए कार्य करता है। भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य है। प्रथम सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति निष्ठ नहीं, तत्व निष्ठ बनने में विश्वास करता है। इसलिए हमने किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु माना। उन्होंने कहा कि संघ की 85000 से अधिक दैनिक शाखाएं और 32000 से अधिक साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। वनवासी क्षेत्रों से लेकर नगरों तक अनगिनत सामाजिक कार्य स्वयंसेवक चला रहे हैं।

कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य कृपा शंकर, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह, विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख डॉ. उमेश, विश्व संवाद केंद्र न्यास के उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, मीडिया संवाद एवं सम्पर्क प्रमुख बृजनन्दन राजू उपस्थित रहे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते नरेंद्र ठाकुर व अन्य।

### समाज में चल रहा पंच परिवर्तन का कार्य

- संघ के भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि पंच परिवर्तन का कार्य समाज में चल रहा है। सामाजिक समरसता के माध्यम से हम हिंदू समाज के बीच हर प्रकार का भेदभाव मिटाना चाहते हैं। शताब्दी वर्ष में हिंदू सम्मेलनों में समाज के सभी वर्ग एक साथ आए और सहयोग किया। कुटुम्ब प्रबोधन के जरिए संघ चाहता है कि पारिवारिक व्यवस्था ठीक रहे तो समाज भी ठीक रहेगा। पर्यावरण संरक्षण भी समाज का प्रमुख कर्तव्य होना चाहिए। साथ ही स्व के आधार पर समाज का जीवन चलना चाहिए। भाषा, वेशभूषा में भी स्व का भाव होना चाहिए। इसी प्रकार सभी को नागरिक कर्तव्यों का बोध होना चाहिए। हर व्यक्ति देश, समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझे। यूजीसी दिशा निर्देशों को लेकर किए गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए संघ इस विषय पर अपना कोई मत व्यक्त नहीं करना चाहता, फिर भी हमारा मानना है कि समाज में सद्भाव बना रहना चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### चौथी मंजिल से गिरकर विवाहिता की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर स्थित इमोन अपार्टमेंट में सहेली के फ्लैट पर रुकी विवाहिता की गुरुवार सुबह चौथी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मूल रूप से बहराइच निवासी आकृति सिंह (27) की शादी करीब पांच माह पहले समर बहादुर सिंह से हुई थी। वह लखनऊ में रिश्तेदारी में आयोजित शादी में शामिल होने पति के साथ आयी थी। आकृति की बचपन की सहेली सेजल रस्तोगी महानगर क्षेत्र में इमोन अपार्टमेंट में रहती है, जहां वह ठहरी थी। सेजल के मुताबिक बुधवार को समर ही उसे फ्लैट पर छोड़ गया था। देर शाम दोनों सहेलियां बाहर डिनर कर लौटकर सो गईं। गुरुवार सुबह उसके गिरने की सूचना मिली। घटना की खबर पर पति भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस के अनुसार परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस मुख्यालय में खाया जहरीला पदार्थ

**अमृत विचार , गोसाईगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पुलिस मुख्यालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद राम किशोर (45) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन राम किशोर को अस्पताल लेकर गये। पुलिस के अनुसार उन्नाव के गंगाघाट स्थित शुक्लागंज पीपरखेड़ा निवासी राम किशोर गुरुवार को आईजी लोक शिकायत कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने गये। प्रार्थना पत्र देने के कुछ देर बाद कार्यालय के अंदर ही उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने आनन-फानन 108 एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया। उसे तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज शुरू हुआ। पुलिस के मुताबिक मामले की जानकारी गंगाघाट पुलिस को दे दिया गया है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि राम किशोर ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। उसके प्रार्थना पत्र की शिकायत के बारे में भी जानकारी हासिल की जा रही है।

### अनियंत्रित कैब दुकान में घुसी, चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा इलाके में बुधवार रात कैब अनियंत्रित होकर बंद दुकान में घुस गयी। हादसे में कार चालक की मौत हो गयी। आलमबाग के तेजीखेड़ा निवासी शहंशाह का बेटा अरबाज खान (32) कैब चलाता था। बुधवार रात करीब साढ़े बारह बजे सवारी लेने तालकटोरा जा रहा था। रास्ते में बालाजी मंदिर मोड़ पर कार बेकाबू होकर दुकान से टकरा गयी।

### कार में लगी आग पिता-पुत्र बचे

**अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा टोल प्लाजा के पास गुरुवार को एक कार में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। घटना के दौरान अभिजीत मिश्रा पिता राजेश संग कार में थे। धुआं देख उन्होंने कार को किनारे किया और नीचे उतर गए। आग की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी। हादसे के समय पिता-पुत्र सीतापुर जा रहे थे।

### ग्राहक बुलाने के विवाद में मैकेनिक भिड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग स्थित जय हिंद कॉम्प्लेक्स के बाहर ग्राहक बुलाने को लेकर बुधवार शाम दो मैकेनिकों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर एक मैकेनिक ने दूसरे पर हथौड़े और पेचकस से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ढाकुरगंज के हुसैनाबाद स्थित पीर बुखारा निवासी वारिस जय हिंद कॉम्प्लेक्स में सुभाष ऑटो पर काम करता है। सामने स्थित आरएच बुलेट हाउस के मैकेनिक गोलू से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि गोलू ने पहले हथौड़े से वार किया, जिससे वारिस जमीन पर गिर पड़ा, इसके बाद पेचकस से कई वार किए। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज के चौधरी गढ़ैया में बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अकील के बेटे और पड़ोसी रहमान के बेटे के बीच खेल के दौरान झगड़ा हुआ। आरोप है कि अकील द्वारा थप्पड़ मारने पर किशोर ने छुरी से उनके पेट पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग है, फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बीकेटी के पास बनेगा 200 एमएलडी क्षमता का नया वाटर वर्क्स प्लांट

## जलकल विभाग ने चिन्हित की जमीन, डिजाइन हो रही तैयार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जलकल विभाग बीकेटी के पास 200 एमएलडी क्षमता का नया वाटर वर्क्स बनाएगा। इसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। डिजाइन बनाई जा रही है, जून में निर्माण कार्य के लिए टेंडर निकाला जाएगा। निर्माण एक वर्ष में पूरा करना है।

शारदा सहायक नदी से पानी लेकर नए वाटर वर्क्स के जरिये नगर निगम जोन 3 के जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, विकास नगर, कल्याणपुर और बीकेटी के आस-पास के क्षेत्रों में आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा विस्तारित क्षेत्रों के कई गांवों में भी वाटर वर्क्स से वाटर लाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जाएगी। गौरतलब है कि नगर निगम अभी कई क्षेत्रों में पंप चलाकर जलापूर्ति करता है। अत्यधिक गर्मी में पंप या मोटर खराब हो जाने से जलापूर्ति प्रभावित होती है। नगर निगम जोन-7 के कई क्षेत्रों में अभी भी वाटर वर्क्स से पेयजल आपूर्ति का नेटवर्क नहीं है। नए वाटर वर्क्स से इन इलाकों को भी जोड़ दिया जाएगा, जिससे जलकल विभाग की पंपों से पेयजल आपूर्ति की निर्भरता कम हो जाएगी।



- **शारदा सहायक नदी से मिलेगा पानी**
- **जोन-3 के जानकीपुरम, विकास नगर, कल्याणपुर और विस्तारित गांवों में की जाएगी जलापूर्ति**

बीकेटी के पास नए वाटर वर्क्स के लिए जमीन चिन्हित की गई है। इसके निर्माण के लिए डिजाइन बनाने का काम शुरू हो गया है। डिजाइन फाइनल होने के बाद वाटर वर्क्स के निर्माण के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके निर्माण में एक वर्ष का समय लगेगा।

**-कुलदीप सिंह**

जलकल महाप्रबंधक, जलकल विभाग

### अभी तीन वाटर वर्क्स से होती है जलापूर्ति

- जलकल विभाग राजधानी में अभी तीन वाटर वर्क्स के जरिये जलापूर्ति करता है। इनमें गऊघाट वाटर वर्क्स और बालागंज वाटर वर्क्स को गोमती नदी से पानी मिलता है। वहीं गोमती नगर स्थित कठौता वाटर वर्क्स को शारदा सहायक नदी से पानी मिलता है।

# शहर में बदला मौसम का मिजाज बारिश से तापमान में भारी गिरावट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बुधवार को हुई आधे घंटे की बारिश के बाद गुरुवार को भी सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दिनभर रुक-रुक कर हल्की फुहारें पड़ती रहीं, जबकि शाम होते-होते गरज-चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इस बदलाव का सीधा असर तापमान पर पड़ा और पारा तेजी से नीचे आ गया।

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को अधिकतम तापमान लगभग 7.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 7.8 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी करीब 4.3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 23 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। तापमान में आई इस गिरावट से शहरवासियों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। दिनभर बादलों की मौजूदगी और बीच-बीच में हुई हल्की बारिश के चलते मौसम सुहावना बना रहा। वहीं शाम की बारिश ने वातावरण को और ठंडा कर दिया, जिससे लोगों ने राहत महसूस की और तापमान में अचानक आई गिरावट को साफ तौर पर महसूस किया।

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया है कि शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही एक या दो बार बारिश होने की संभावना जताई गई है। इससे आने वाले दिनों में तापमान में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### मौसम खराब होने से दो विमान रद्द, कई देरी से उड़े

- **अमृत विचार, सरोजनीनगर :** शहर का मौसम खराब होने से गुरुवार सुबह चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन प्रभावित रहा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विजिबिलिटी कम होने से दिल्ली से उड़कर सुबह 7:05 बजे लखनऊ पहुंचा एयर इंडिया का विमान एआई-2499 लैंड नहीं कराया जा सका। इस विमान को वाराणसी डायवर्ट कर दिया गया। इसके अलावा दिल्ली से सुबह 8:30 बजे लखनऊ पहुंचने वाला इंडिगो का विमान 6ई-6476 करीब 45 मिनट, जयपुर से सुबह 10:20 बजे वाला इंडिगो का विमान 6ई-7651 लगभग एक घंटे देरी से पहुंचा। इसी तरह लखनऊ से सुबह 7:35 बजे दुबई जाने वाला विमान एफजेड 444 और सुबह 8:00 बजे दिल्ली वाला एयर इंडिया का विमान एआई 2500 देरी से 10:20 बजे और 8:55 बजे रायपुर जाने वाला इंडिगो का विमान 6ई 6521 देरी से 10:05 बजे रवाना हुआ। सुबह 9:10 बजे दिल्ली जाने वाला इंडिगो का विमान 6ई2146 देरी से 10:15 बजे उड़ान भर सका। बुधवार को वाराणसी में मौसम खराब होने के कारण दो विमान डायवर्ट कर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारे गए थे। इनमें पुणे से दोपहर 2:55 बजे वाराणसी वाला स्पाइसजेट का विमान एसजी-186 और मुंबई से दोपहर 3:20 बजे वाराणसी पहुंचने वाला अकासा एयर का विमान क्यूपी-1427) रहे। कुछ समय बाद दोनों विमान वाराणसी रवाना कर दिए गए थे।

# लविवि में प्रदर्शन करने वाले आठ छात्रों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **प्रशासन का आरोप, कुलपति कार्यालय में घुसने व वाहन रोकने का किया प्रयास**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार शाम छात्रों के प्रदर्शन व अभद्रता के मामले में लविवि प्रशासन ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। शिकायत में लविवि के पांच छात्रों व तीन बाहरी छात्रों को आरोपी बनाया गया है। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि वीडियो व बयान के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

लखनऊ विश्वविद्यायलय में 28 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे कुलपति अपने आवास के लिए निकल रहे थे, तभी कुछ छात्र उनके वाहन के सामने आकर खड़े हो गए और रास्ता रोक लिया। आरोप है कि छात्रों ने वाहन को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आठ लोगों को नामजद किया है। इनमें पांच छात्र प्रेम प्रकाश यादव, प्रसन्न शुक्ला, शशि प्रकाश, हर्षित शुक्ला और रुपेंद्र बहादुर सिंह शामिल हैं।

वहीं, तीन बाहरी अहमद रजा खान, तौकील उर्फ तौकील गाजी और विशाल सिंह को भी घटना में शामिल बताया गया है। आरोपी छात्र अहमद रजा खान और तौकील गाजी पहले भी अनुशासनहीनता के मामलों में सामने आ चुके हैं। दोनों के परिसर में प्रवेश पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका था, जिसकी सूचना फरवरी में पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जानकीपुरम में साप्ताहिक सब्जी बाजार हटाएं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,लखनऊ

- **वैकल्पिक स्थान भी मुहैया कराने के नगर निगम को आदेश**



**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जानकीपुरम सेक्टर-1 स्थित निगम तिराहा और अर्जुन त्रिकोण पार्क के पास लगने वाली अवैध साप्ताहिक सब्जी बाजार पर लखनऊ नगर निगम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि, जिस प्रकार इंदिरा नगर और सुल्तानुपर रोड के साप्ताहिक बाजारों को वैकल्पिक स्थान दिया गया है, उसी प्रकार इन बाजारों पर भी एक माह में प्रभावी कार्रवाई कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले में अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने संजय कुमार मित्तल व अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई की। याचिका में कहा गया कि हर बुधवार और शनिवार को 60 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर बाजार लगने से गंदगी के अलावा जाम लगता है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका में साप्ताहिक बाजार को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान नगर निगम ने अपने जवाब में स्वीकार किया कि बाजार लगता है, जिसमें ठेले-खोमचे सड़क पर लगने से यातायात प्रभावित होता है। हालांकि, निगम ने ये सफ़ाई भी दी कि सड़क का एक हिस्सा खाली रहता है, जिससे लोग आवागमन करते हैं। इस दलील पर कोर्ट ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह नगर निगम की जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न होने दे। टिप्पणी भी की कि निगम कर तो वसूलता है, लेकिन नागरिकों की समस्याओं के समाधान में उदासीन बना हुआ है। कोर्ट ने नगर निगम को आदेश दिया है कि एक माह के भीतर बाजार हटाने या वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। आवश्यकता पड़ने पर जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस कमिश्नर से सहयोग लेने को भी कहा है।

# पूर्व कर्मचारी ने चुराया डेटा, कर रहा ब्लैकमेल, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कोचिंग संस्थान के निदेशक की तहरीर पर हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के पूर्व कर्मचारी पर डेटा चोरी कर निदेशक को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है।

ग्रैविटी क्लासेस के निदेशक अशफाक के अनुसार तकनीकी प्रभारी मो. अनस पिछले आठ वर्षों से संस्थान में कार्यरत था और आईटी सिस्टम, वेबसाइट, एप, सर्वर, सोशल मीडिया व सीसीटीवी जैसी व्यवस्थाएं संभालता था। 25 जनवरी को वह बिना नोटिस दिए अचानक नौकरी छोड़कर गायब हो गया और मोबाइल भी बंद कर लिया। आरोप है कि उसने सभी आईडी-पासवर्ड नहीं सौंपे, बल्कि उन्हें बदलकर ओटीपी अपने नंबर पर दर्ज कर लिया।

निदेशक के मुताबिक अनस ने छात्रों का डेटा चोरी कर प्रतिस्पर्धी संस्थानों को बेच दिया और सीसीटीवी फुटेज व ऑडियो रिकॉर्डिंग भी अपने कब्जे में लेकर दुरुपयोग किया। सोशल मीडिया पर संस्थान के खिलाफ दुष्प्रचार भी किया गया। दबाव बनाने पर आरोपी ने रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी दी।

अशफाक ने बताया कि जेईई एडवांस (17 मई 2026) और नीट (3 मई 2026) से पहले ऑनलाइन पोर्टल का एक्सेस बंद कर दिया गया, जिससे सैकड़ों छात्रों की तैयारी प्रभावित हुई। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# बिजली सुधार कार्य में लापरवाही मिलने पर दो फर्म हुई ब्लैकलिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दो साल तक नहीं डाल सकेंगी टेंडर, जमानत राशि भी जब्त**
- **काम अधूरा छोड़ने पर कार्रवाई गर्मी में व्यवस्था प्रभावित**



**अमृत विचार:** शहर में बिजली सुधार कार्य में लापरवाही बरतने पर दो निजी फर्मों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्ट करते हुए अगले दो वर्षों तक किसी भी वितरण निगम के टेंडर में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही उनकी 10-10 प्रतिशत जमानत धनराशि भी जब्त कर ली गई है।

यह कार्रवाई निगम के निदेशक (तकनीकी) हरीश बंसल के निर्देश पर की गई। अमौसी जोन के मुख्य अभियंता राम कुमार ने लापरवाही के आधार पर दोनों फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई। ब्लैकलिस्ट की गई फर्मों में लखनऊ स्थित कलश एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और आगरा की स्टर्न इंफ्राटेक शामिल हैं। 27 अप्रैल को जारी आदेश के तहत दोनों कंपनियों को औपचारिक रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।

**मोहलत के बावजूद पूरा नहीं किया काम:** मुख्य अभियंता के अनुसार, बिजनेस प्लान 2024-25 के तहत दोनों फर्मों को एक-एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के बिजली सुधार कार्य दिए गए थे। अनुबंध के बावजूद तय समय में काम पूरा नहीं किया गया। विभाग की ओर से चेतावनी पत्र जारी कर अतिरिक्त समय भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई।

### गर्मी में उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

- अधिकारियों ने बताया कि सुधार कार्य अधूरा रहने से गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया था। उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए समय पर कार्य पूरा करना जरूरी था, लेकिन फर्मों की लापरवाही के कारण व्यवस्था प्रभावित हुई।

### महामना एक्सप्रेस की पैंट्रीकार में अवैध वसूली का खुलासा

**अमृत विचार, लखनऊ:** रिजर्वेशन न मिलने का फायदा उठाकर यात्रियों से अवैध वसूली कर उन्हें पैंट्रीकार में सफर कराने वाले एक बड़े सिंडिकेट का उत्तर रेलवे की विजिलेंस टीम ने खुलासा किया है। दिल्ली से वाराणसी जा रही 22418 महामना एक्सप्रेस की रसोई यान में छापेमारी के दौरान यह गोरखधंधा सामने आया।

गुरुवार सुबह करीब चार बजे लखनऊ स्टेशन पर की गई कार्रवाई में विजिलेंस टीम ने पाया कि ट्रेन की पैंट्रीकार में 42 यात्री बिना वैध टिकट के सफर कर रहे थे। इन यात्रियों से किराए के नाम पर बड़ी रकम वसूली जा रही थी। जांच के दौरान यात्रियों से 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना भी वसूला गया। छापेमारी में दो टीटीई के पास रखी नकदी की भी जांच की गई, जिसमें सरकारी रिकॉर्ड से अधिक राशि पाई गई।

## सिटी डायरी

### हर्ष फायरिंग में किशोर घायल



सुजीत के दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी गोली।

**अमृत विचार,गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज के रसूलपुर आसिक अली गांव में बुधवार रात तिलक समारोह में हुई हर्ष फायरिंग में 16 वर्षीय सुजीत कुमार घायल हो गया। उसके घुटने के नीचे गोली लगी। आनन-फानन उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। वहीं, आरोपियों की तलाश में जुटी है। रसूलपुर आसिक अली निवासी पुनवासी के मुताबिक उनके बेटे रामू के बेटे के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 9 .30 बजे कटरा बक्कास निवासी बंटी दीपक मिश्रा की राइफल लेकर वहां बैठा था। बंटी ने उनके बेटे सुजीत से गाली-गलौज शुरू की। इसके बाद जान से मारने की नियत से राइफल लेकर दौड़ा लिया। सुजीत भागा तो बंटी ने फायर कर दिया। गोली सुजीत के दाहिने पैर में घुटने के नीचे लग गई। घटना के बाद राइफल का लाइसेंस दीपक मिश्रा के नाम से है। इसके बाद दोनों ने उनको जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गये। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



ट्रॉफी और मेडल के साथ विजयी खिलाड़ी।

### स्वस्ति बनीं टेबल टेनिस लीग चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला टेबल टेनिस लीग में स्वस्ति चंद्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित टेबल टेनिस कॉम्पलेक्स में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने फाइनल मुकाबले में अमाया को 14-12, 4-11, 11-7, 11-9 से हराकर ट्रॉफी जीती। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में स्वस्ति ने बेहतर खेल दिखाया। सेमीफाइनल में स्वस्ति ने वर्तिका और अमाया ने साक्षी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। समापन समारोह में उपक्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़ ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर पीके जैन, अमित सिंह, पराग अग्रवाल और मोहम्मद तौहीद मौजूद रहे। प्रतियोगिता में लखनऊ की 40 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



जर्जर सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल।

### सड़क में गड्ढे, राहगीर परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर के मोहम्मदपुर मजरा स्थित आश्रम रोड की हालत बेहद खराब हो गई है। यहां सड़क पर गड्ढे नहीं, बल्कि पूरी सड़क ही गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलना तक मुश्किल है और दोपहिया-चारपहिया वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके में स्ट्रीट लाइट की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद न पार्षद और न ही अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने जल्द सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है।



अमौसी हवाई अड्डे पर लगे स्वास्थ्य शिविर में अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

### एयरपोर्ट पर टीबी स्क्रीनिंग शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीबी की पहचान और जागरूकता के लिए चार दिवसीय स्क्रीनिंग शिविर शुरू हुआ। पहले दिन 200 कर्मचारियों की जांच हुई। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना ने कहा कि एयरपोर्ट स्टाफ की जांच जरूरी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अतुल सिंघल ने बताया कि समय पर इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। कई स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

**बुरा हाल** | शहर में एक लाख से अधिक ई-रिक्शा और 30 हजार ई-ऑटो संचालित

# मनमाना किराया वसूल रहे ई-रिक्शा और ई-ऑटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ई-रिक्शा और ई-ऑटो का अनियंत्रित संचालन अब शहर की यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। बिना निर्धारित मार्ग और किराया प्रणाली के ये वाहन सवारियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। शहर में वर्तमान में एक लाख से अधिक ई-रिक्शा और 30 हजार ई-ऑटो संचालित हो रहे हैं, जिनमें से बड़ी संख्या बिना किसी ठोस नियमन के सड़कों पर दौड़ रही है।

चारबाग, चौक और ठाकुरगंज रकाबगंज, कैसरबाग और गोमती नगर जैसे व्यस्त इलाकों में स्थिति सबसे अधिक खराब है। जहां सीएनजी ऑटो चालकों को तय रूट और किराया प्रणाली का पालन करना पड़ता है, वहीं ई-रिक्शा और ई-ऑटो बिना किसी नियम के कहीं भी सवारी बैठा और उतार रहे हैं। इससे न केवल यातायात जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि अतिक्रमण और अव्यवस्था भी फैल रही है।



सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े ई रिक्शा व ई ऑटो। अमृत विचार

- **बिना मार्ग और किमी निर्धारित के ही ले रहे किराया**
- **बिना परमिट के धड़ल्ले से चल रहे ई-ऑटो**

वर्जन-परमिट के दायरे में लाने की कवायद काफी दिनों से चल रही है। इस पर बात हुई है। जब तक आदेश न हो जाये कुछ कहना मुश्किल होगा।

**-प्रभात पाण्डेय, आरटीओ प्रवर्तन**

टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि हर महीने सैकड़ों नए ई-वाहनों का पंजीकरण हो रहा है, जिससे कुल संख्या 1.25 लाख से अधिक हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर की सड़कें इतनी बड़ी संख्या में वाहनों का भार सहने में सक्षम नहीं हैं। इसके अलावा, अधिकांश ई-रिक्शा अवैध चार्जिंग के जरिए चलाए जा रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। समस्या का एक बड़ा कारण केंद्र सरकार की वह नीति भी है, जिसमें ई-रिक्शा और ई-ऑटो को परमिट से मुक्त रखा गया है। इसी के चलते इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है।

संयुक्त मोर्चा ने प्रशासन को कई सुझाव दिए हैं, जिनमें ई-वाहनों की संख्या निर्धारित करना, अवैध चार्जिंग स्टेशनों पर रोक, निर्धारित स्टैंड से संचालन और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य करना शामिल है। इसके अलावा, मुख्य मार्गों पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रतिबंध लागू करने, नियमित चेकिंग अभियान चलाने और नाबालिग चालकों पर सख्ती करने की मांग भी की गई है।